# मध्यप्रदेश शासन वन विभाग
## कार्यालय वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन (म.प्र.)
उद्यन मार्ग, दमदमा, उज्जैन (म.प्र.)–456010

E-Mail : ccf.ujn@mp.gov.in | Ph. (0734) 2512101 | Fax (0734) 2512102


क्रमांक/मा.चि./2021/ 7122 | उज्जैन, दिनांक 02/11/2021

प्रति,

**वनमण्डलाधिकारी**
**सामान्य वनमण्डल**
**रतलाम**

**विषय :–** रतलाम–मोरवनी–उमर–रावटी–बाजना मार्ग चौड़ीकरण कर उन्नयन कार्य करने मे प्रभावित वनभूमि 4.977 हे. कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण संभाग रतलाम को उपयोग पर देने बाबद।

(ऑनलाईन प्रकरण क्रं./FP/MP/Road/44455/2020)

**संदर्भ :–** आपका पत्र क्रं. / माचि / 2021 / 3528 दिनांक 26–10–2021 ।

विषयांतर्गत संदर्भित पत्र का अवलोकन करे, जिससे आपके द्वारा प्रेषित प्रस्ताव अनुसार कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण संभाग रतलाम द्वारा रतलाम–मोरवनी–उमर–रावटी–बाजना मार्ग चौड़ीकरण कर उन्नयन कार्य अन्तर्गत वन (संरक्षण) अधिनियम के तहत प्राप्त ऑनलाईन प्रकरण मे प्रभावित रतलाम वनमण्डल के परिक्षेत्र शिवगढ़ / बाजना के वनखण्ड माही भाग–4 के कक्ष क्रं. पी–69, 70, 76, 77 रकबा 2.744 हे. एवं वनखण्ड साम्भरखो एफ के वन कक्ष क्रं. पी–51, 52 रकबा 2.233 हे. इस प्रकार कुल रकबा 4.977 हे. वनभूमि व्यपवर्तन हेतु भाग–I, II मे प्रस्ताव तैयार कर प्रेषित किया है।

आपके द्वारा प्रेषित प्रकरण के संबध मे निम्नानुसार बिन्दुओ पर स्थिति स्पष्ट करना सुनिश्चित करे।

01– वैकल्पिक वृक्षारोपण की योजना, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (भू–प्रबंध) म.प्र. भोपाल के पत्र क्रं. / 4050 दिनांक 30–12–2019 से प्रेषित आदर्श रोपण योजना के अनुरूप है ?

02– प्रभावित होने वाली वनभूमि के संबध मे क्षेत्रीय स्तर पर सत्यापन किया गया है ? स्पष्ट करे।

03– कक्ष क्रं. पी–51 एवं पी–52 मे प्रभावित होने वाली वनभूमि, वर्तमान विद्यमान सड़क के संरेखण से मानचित्र अनुसार भिन्न प्रतीत होती है।

04– क्या वर्तमान विद्यमान सड़क वर्ष 1980 के पूर्व की है ?

उपरोक्त बिन्दुओं अनुसार स्थिति स्पष्ट करते हुए प्रस्ताव अविलंब भेजना सुनिश्चित करे।

**मुख्य वन संरक्षक एवं पदेन**
**वन संरक्षक, उज्जैन वृत्त उज्जैन**

E:\data\D\I\Ashu`s Documents\DM111\2010\2021\Letters 2021.doc